**प्रादेशिक समाचार**
**दिनांक–11.06.2025 (सुबह 08:30 बजे)**
**मुख्य समाचार**

- **राज्यपाल सह कुलाधिपति संतोष कुमार गंगवार ने रांची विश्वविद्यालय के कुलपति के कार्यकाल की जांच का दिया आदेश, डीएसपीएमयू में अनुबंध पर शिक्षक नियुक्ति की भी होगी जांच।**
- **आईजी अभियान ने की नक्सल उन्मूलन अभियान की समीक्षा, जिलों के एसपी को फरार माओवादियों की संपत्ति जब्त करने के दिये निर्देश।**
- **राज्य में प्लस टू हाईस्कूलों के लिए नियुक्ति प्रक्रिया शुरु, एक हजार तीन सौ से ज्यादा माध्यमिक आचार्यों की होगी बहाली, अभ्यर्थी 18 जून से 17 जुलाई तक कर सकते हैं आवेदन।**
- **रांची स्थित रिम्स में एक कोरोना मरीज की मौत, वह पहले से कई बीमारियों से थे पीड़ित, राज्य में सक्रिय संक्रमितों की संख्या बढ़कर हुई बारह।**
- **पूर्व भारतीय क्रिकेटर महेन्द्र सिंह धोनी के आईसीसी हॉल ऑफ फेम में शामिल होने पर जेएससीए ने रांची में आयोजित किया समारोह, धोनी को किया सम्मानित।**

************************

राज्यपाल सह कुलाधिपति संतोष कुमार गंगवार ने रांची विश्वविद्यालय के कुलपति अजीत कुमार सिन्हा के कार्यकाल में हुए प्रशासनिक और वित्तीय कार्यों की जाचं के आदेश दिये हैं। राज्यपाल के अपर मुख्य सचिव नितिन मदन कुलकर्णी ने उच्च शिक्षा विभाग के प्रधान सचिव राहुल कुमार पुरवार को पत्र लिखकर कुलपति के कार्यकाल की जांच के लिए उच्च स्तरीय समिति गठित करने का निर्देश दिया है। कुलाधिपति ने डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय के प्रबंधन विभाग में अनुबंध शिक्षकों की नियुक्ति की जांच के भी आदेश दिये हैं।

************************

राज्य पुलिस के आईजी अभियान डा. माइकल राज एस ने सभी जिलों के पुलिस अधीक्षकों को फरार माओवादियों की अवैध संपत्ति चिन्हित कर जब्त करने की कार्रवाई करने के निर्देश दिये हैं। राज्य में चलाये जा रहे नक्सल उन्मूलन अभियान की रांची में समीक्षा करते हुए उन्होंने पुलिस अधीक्षकों के साथ नक्सली परिदृश्य के संबंध में व्यापक चर्चा की।

************************

राज्य के 510 सरकारी प्लस टू उच्च विद्यालयों में एक हजार तीन सौ तिहत्तर माध्यमिक आचार्यों की नियुक्ति होगी। 23 विषयों के लिए पहली बार माध्यमिक आचार्य बहाल होंगे। जेएसएससी ने इसका विज्ञापन जारी कर दिया है। अभ्यर्थी 18 जून से 17 जुलाई तक ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे।

************************

राज्य के शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन ने छऊ और पाता नृत्य को स्कूली पाठ्यक्रम में शामिल करने की घोषणा की है। सरायकेला–खरसांवा के आदित्यपुर स्थित दिंदली बस्ती में आयोजित पौराणिक चड़क पूजा सह मेला के उदघाटन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि राज्य सरकार लोगों को बेहतर शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाएं देने के लिए प्रतिबद्ध है।

************************

झारखंड विधानसभा की प्रत्यायुक्त विधान समिति ने गुमला जिले का दौरा किया। इस दौरान समिति के सभापति सरयू राय की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत में सभापति श्री राय ने कहा कि बैठक का मुख्य उद्देश्य राज्य सरकार द्वारा निर्धारित विभिन्न योजनाओं और सेवा गारंटी अधिनियम– 2011 के प्रावधानों के क्रियान्वयन की स्थिति का मूल्यांकन करना था।

************************

राजधानी रांची में कोरोना से पीड़ित 44 वर्षीय एक शख्स की मौत हो गयी है। राज्य में कोरोना से मौत का यह पहला मामला है। कोरोना से पीड़ित मरीज का रिम्स में इलाज चल रहा था। रिम्स अधीक्षक डाक्टर हीरेन्द्र बिरुआ ने बताया कि मरीज कई अन्य बीमारियों से भी पीड़ित था।

गौरतलब है कि राज्य में कोरोना संक्रमितों की पहचान के लिए जांच में तेजी लायी गयी है। फिलहाल राज्य में कोरोना से पीड़ित मरीजों की संख्या 12 है, जिनका इलाज चल रहा है।

************************

भारत में पिछले एक दशक में सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के सिद्धांतों का पालन करते हुए महत्वपूर्ण परिवर्तन हुए हैं। आकाशवाणी समाचार पिछले 11 वर्षों में देश में विभिन्न क्षेत्रों में सरकार के कार्यों पर विशेष फीचर प्रस्तुत कर रहा है। इस क्रम में आज हम आपको बताएंगे कि किस प्रकार सुधारों और अन्य उपायों से प्रत्येक नागरिक का जीवन सुगम, सुरक्षित और सम्मानित बना है।

************************

साहिबगंज जिले में विकसित कृषि संकल्प अभियान सफलतापूर्वक जारी है। इसके जरिये किसानों को जागरुक करने का प्रयास किया जा रहा है।

************************

मौसम विभाग के अनुसार राज्य में अगले कुछ दिनों में बदलाव देखने को मिलेगा। आज से 16 जून तक तेज हवा के साथ बारिश की संभावना जतायी गयी है और वज्रपात की चेतावनी भी दी है।

************************

भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी को आइसीसी हॉल ऑफ फेम में शामिल किये जाने पर झारखंड राज्य क्रिकेट एसोसिएशन– जेएससीए ने रांची क्रिकेट स्टेडियम में सम्मान समारोह का आयोजन किया। कार्यक्रम में संघ के अध्यक्ष अजय नाथ शहदेव, उपाध्यक्ष संजय पांडेय, सचिव सौरभ तिवारी, कोषाध्यक्ष अमिताभ घोष समेत कई वरिष्ठ पदाधिकारी और पूर्व खिलाड़ी शामिल हुए। सभी ने मंच से धोनी के व्यक्तित्व और उनके क्रिकेट में योगदान की सराहना की।

************************

**अब अखबारों की सुर्खियां–**

रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने राज्य के प्लस टू विद्यालयों में आचार्यों की बहाली प्रक्रिया शुरु होने की खबर को पहले पन्ने पर जगह दी है।

**दैनिक भास्कर** की सुर्खी है– पश्चिमी हवाओं ने बदली आधे देश की फिजा, एक हफ्ते में 13 डिग्री चढ़ा पारा।

**हिन्दुस्तान** ने लिखा है– विनय चौबे समेत आठ लोगों पर एसीबी ने दर्ज की पीई।

**प्रभात खबर** लिखता है– जेटेटः शिक्षा विभाग ने जिलावार क्षेत्रीय और जनजातीय भाषा निर्धारित की, संताल के लिए क्षेत्रीय भाषा खोरठा और बांग्ला, पलामू के लिए नागपुरी।

**दैनिक जागरण** के शब्द हैं– नेक्सजेन कंपनी के खाते से विनय चौबे की पत्नी के खाते में आये थे एक करोड़ 26 लाख रुपये।

**********समाप्त**********